HINDUSTAN - LIVE, NOIDA, 8.5.2019
Page No. 1, Size:(4.25)cms X (14.71)cms.

एयरपोर्ट मेट्रो के ट्रैफिक पर रिपोर्ट मांगी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा से जेवर तक मेट्रो की डीपीआर को लेकर मंगलवार को डीएमआरसी के अधिकारियों ने अपना प्रजेंटेशन दिया। यमुना प्राधिकरण ने इस रूट पर कितने यात्री मिलेंगे, इस पर रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद डीपीआर पर यमुना प्राधिकरण निर्णय लेगा।

जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर काम तेज हो गया है। नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो वाया परी चौक शुरू हो गई है। परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो प्रस्तावित की गई है। यह ट्रैक करीब 28.5 किलोमीटर लंबा है।

प्रजेंटेशन दिया : यमुना प्राधिकरण ने इसकी डीपीआर डीएमआरसी से बनवा ली है। मंगलवार को यमुना प्राधिकरण के दफ्तर में डीएमआरसी के अधिकारियों ने इसका प्रजेंटेशन दिया।

एक्सप्रेस लाइन का विकल्प देंगे : यमुना प्राधिकरण ने इस रूट परकितना ट्रैफिक मिलेगा, इस पर रिपोर्ट मांगी है। एयरपोर्ट तक मेट्रो ले जाने और सामान्य रूट के साथ ही एक्सप्रेस लाइन का विकल्प दिया जा सकता है। प्रजेंटेशन में यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया समेत कई अफसर मौजूद रहे।